FORM NO. 03

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी रायपुर, जिला भीलवाड़ा

अनवान

पटवारी हल्का सरेवड़ी बनाम **तहसीलदार रायपुर**

किस्म मुकदमा धारा 131 भू राजस्व अधिनियम **मु0न0** 01 सन् 2020

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुई
18.8.20	राज्य सरकार के निर्देशानुसार श्रीमान संभागीय आयुक्त महोदय अजमेर के आदेश कमांक दिनांक 06.08.2020 एवं श्रीमान जिला कलक्टर महोदय भीलवाड़ा के पत्र कमांक :– एफ 12–12 (04) (रास्ता खोलो अभियान) राजस्व / 2020 / 2095 दिनांक 06.08.2020 की पालना में माह अगस्त 2020 में पंचायत समिति स्तर प्रत्येक शुक्रवार को केम्प आयोजित कर राज्य सरकार आदेश दिनांक 10.08.2016 एवं जिला कार्यालय के पंत्राक दिनांक 30.07.2020 से रास्ते सम्बधित समस्याओं का निराकरण हेतु पालना की जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। पंचायत समिति स्तर पर आयोजित केम्प में तहसीलदार रायपुर के द्वारा प्रकरण पेश कर निवेदन किया कि ग्राम भटेवर के खसरा नम्बर 65 रकबा 0.89 है0 राजस्व रेकार्ड में बिलानाम दर्ज है किन्तु उक्त खसरा नम्बर मे से 0.03 है0 भूमि रास्ते के उपयोग में आ रहा है जिसे राजस्व रेकार्ड में रास्ता दर्ज किया जाना है साथ में रिपोर्ट पटवारी भू.अ.नि. नकल जमाबन्दी नक्शा ट्रेस आदि प्रस्तुत किये जो शामिल पत्रावली है। प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर तहसीलदार रायपुर के द्वारा प्रेषित पत्र के साथ संलग्न रिपोर्ट पटवारी भू.अ. नि. एवं नकल जमाबन्दी नक्शा ट्रे[illegible] अवलोकन किया [illegible] भटेवर से तहसीलदार रायपुर द्वारा अंकन [illegible] आराजी नम्बर 65 थेरियाखेड़ा जाने वाले [illegible] भटेवर [illegible] जो रास्ते के रकबा 0.89 है0 मे से 0.03 है0 [illegible] बिलानाम गे.मु. रास्ता दर्ज रूप में उपयोग आ रही है जिसको बिलानाम गे.मु. रास्ता दर्ज किया जाना उचित है।	

Signature Not Verified

Digitally signed by Sundar Lal Bamboda

Date: 2021.01.11 11:49:30 IST

Reason: SelfAttested

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुई
	मैंने पत्रावली का अवलोकन किया पत्रावली में उपलब्ध रेकार्ड का बारीकी से अध्ययन किया तो पाया कि पटवारी, भू.अ.नि. एवं तहसीलदार रायपुर की रिपोर्ट के अनुसार ग्राम भटेवर से थोरियाखेड़ा जाने वाला रास्ता दो गांवो को जोड़ रहा है जो रास्ता ग्राम भटेवर की बिलानाम आराजी नम्बर 65 रकबा 0.89 है0 मे होकर जा रहा है उक्त आराजी मे से 0.03 है0 भूमि सार्वजनिक रूप से रास्ते के उपयोग में आ रही है अगर उक्त आराजी राजस्व रेकार्ड में बिलानाम दर्ज होने से किसी अन्य प्रयोजन हेतु आवंटित/आरक्षित कर दी जाती है तो आमजन को परेशानी हो सकती है रास्ता बाधित हो सकता है मौके पर जो भूमि जिस रूप में काम आ रही उसका उसी रूप में राजस्व रेकार्ड में इन्द्राज होना आवश्यक है ताकि रेकार्ड और मौके की स्थिति में एकरूपता बनी रहे। इसी को ध्यान में रखते हुए तहसीलदार रायपुर द्वारा प्रस्तुत पत्र को स्वीकार किया जाना उचित है। अतः राज्य सरकार के राजस्व (ग्रुप–6) विभाग के परिपत्र कमांक प. 3 (2) राज–/2003/पार्ट जयपुर दिनांक 10.08.2016 एवं भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 131 के अनुसार तहसीलदार रायपुर के प्रस्तुत पत्र कमांकः राजस्व/2020/03/20 दिनांक 14.08.2020 के अनुसार आदेश दिया जाता है कि ग्राम भटेवर के बिलानाम आराजी नम्बर 65 रकबा 0.89 है0 मे से 0.03 है0 भूमि को राजस्व रेकार्ड में बिलानाम गे.मु. रास्ता दर्ज किया जावे। पालनार्थ तहसीलदार रायपुर को हुक्मनामा जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। (सुन्दरलाल बम्बोड़ा) R.A.S सहायक कलक्टर (उपखण्ड अधिकारी) रायपुर (भीलवाड़ा)	

Signature Not Verified

Digitally signed by Sundar Lal Bamboda
Date: 2021.01.11 11:49:30 IST
Reason: SelfAttested